# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड़

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर (राज.) ☎0141–2722520


क्रमांक :–F.6 (931)RSSB /IT/FourthClass/2024 दिनांक :– यथाहस्ताक्षर

## विज्ञप्ति

बोर्ड द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती 2024 के पदों हेतु विज्ञापन संख्या 19/2024 दिनांक 12.12.2024 को जारी कर अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन फार्म आमंत्रित किये गये थे। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात् कुछ अभ्यर्थियों द्वारा माननीय न्यायालय के आदेश से ऑफलाइन आवेदन बोर्ड कार्यालय में जमा करवाये गये है। माननीय न्यायालय के आदेश की अनुपालना में ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा में सम्मिलित करते हुये उनके ऑफलाइन प्रोविजनल प्रवेश पत्र जारी किये जा रहे है। माननीय न्यायालय के आदेश से परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी, **दिनांक 19.09.2025 से 21.09.2025 तक आयोजित होने वाली चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी परीक्षा हेतु दिनांक 16.09.2025 से दिनांक 18.09.2025 तक राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर 302018 परिसर में कार्यदिवसों में कार्यालय समय पर निम्न दस्तावेजों के साथ स्वयं उपस्थित होकर ऑफलाइन प्रोविजनल प्रवेश पत्र प्राप्त कर लेंवे:–**

1. **न्यायालय आदेश की प्रति (जिसमें अभ्यर्थी का नाम अंकित हो),**
2. **दो नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो (जो एक माह से ज्यादा पुरानी न हो),**
3. **कोई दो मूल पहचान पत्र (स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ)**
4. **न्यायालय आदेश एवं ऑफलाइन आवेदन पत्र में अंकित अभ्यर्थी के नाम एवं अन्य विवरण में भिन्नता होने पर इस बाबत् नोटरी से प्रमाणित नॉनज्यूडिशियल शपथ पत्र।**

**अभ्यर्थी द्वारा अपना प्रोविजनल प्रवेश पत्र प्राप्त न करने की स्थिति में वह परीक्षा से वंचित होकर चयन प्रक्रिया से बाहर हो जायेगा, जिसके लिये अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होगा।** परीक्षा और प्रोविजनल प्रवेश पत्र के सम्बन्ध में नवीनतम जानकारी के लिये बोर्ड की वेबसाइट का अवलोकन करते रहे।

**सचिव**

क्रमांक :–F.6 (931)RSSB /IT/FourthClass/2024 दिनांक :– यथाहस्ताक्षर

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सहायक, अध्यक्ष महोदय, RSSB,जयपुर।
2. निजी सहायक, समस्त सदस्य महोदय, RSSB,जयपुर।
3. निजी सहायक, सचिव, RSSB,जयपुर।
4. विशेषाधिकारी, RSSB,जयपुर।
5. सलाहकार (नियम/परीक्षा/अर्थना), RSSB,जयपुर।
6. उपसचिव (कार्मिक/परीक्षा)/परीक्षा नियंत्रक/ विशेषाधिकारी), RSSB,जयपुर।
7. उपनिदेशक आई0टी0/वरिष्ठ लेखाधिकारी, RSSB,जयपुर।
8. आई.टी. अनुभाग, RSSB को बोर्ड की बेवसाइट पर अपलोड हेतु।

**सचिव**